केन्द्रीय विद्यालय अलवर ने मनाया 59 वां स्थापना दिवस

अलवर (का.सं.)। केंद्रीय विद्यालय अलवर में केंद्रीय विद्यालय संगठन का 59 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । प्राचार्य डॉ एल आर सैनी ने बताया कि मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभी स्टाफ सदस्यों ने नरेंद्र कुमार (स्नातकोत्तर शिक्षक अंग्रेजी) के निर्देशन में केंद्रीय विद्यालय संगठन की शपथ ली। शिक्षक सम्बोधन की श्रृंखला में प्राथमिक विभाग से अमलेश कुमार (प्रधानाध्यापक) एवं मनोज कुमार मीणा ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की उपलब्धियां, संगठन के लक्ष्य और शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित नए कीर्तिमनों से अवगत कराया। विद्यालय की छात्राओं स्नेहा, अवि यादव,सुनिधि ने अपने भाषण में केंद्रीय विद्यालय संगठन की संरचना,प्रशासन और संगठन की उपलब्धियों से अवगत कराया। इसी क्रम में आन्या सिंह,अनुष्का शेखावत ने संस्कृत कविता के माध्यम से संगठन के प्रति अपनी निष्ठा एवं श्रद्धा प्रकट की । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थानी लोक नृत्य बन्ना -बन्नी की शानदार प्रस्तुति दी। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने केंद्रीय विद्यालय संगठन का समूह गान नैतिकता की सुर सरिता का सामूहिक गायन किया । सभी स्टाफ सदस्यों ने भी गाने की धुन में धुन मिलाते हुए साथ दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत जय हो पर एक मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया । इसी क्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत 'तेरी मिट्टी में मिल जावां

समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया तत्पश्चात विद्यालय में अयोजित विभिन्न प्रतियोगताओं जैसे खेलकूद, हिंदी पखवाड़ा 2021, आजादी का अमृतमहोत्सव एक भारत: श्रेष्ठ भारत आदियें विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. एल सैनी ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान करके पुरस्कृत किया

मुद्रक-सुशील झालानी के द्वारा डी.बी. कार्प लिमिटेड, दिल्ली रोड, मूंगस्का, अलवर से मुद्रित एवं 19 विकास पथ अलवर से प्रकाशित । सम्पादक : सुनील बिज्जू (पीआरबी एक्ट के तहत